

# सांसद एवं विधायक ने रात्रिकालीन चौपाल लगाकर सुनी जन समस्याएं

## सुदूर अंचल भुईमाड़ में जनचौपाल के आयोजन से ग्रामीणों में दिखा उत्साह, समस्याओं के त्वरित निराकरण के दिए गए निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी/कुसमी, 13 अप्रैल। जिले के सुदूर, दुर्गम अंचल में स्थित भुईमाड़ में सीधी सांसद व धौंहनी विधायक ने रात्रिकालीन चौपाल लगाकर जन समस्याएं सुनी। सामने आई समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।**

राज्य शासन की मंशानुरूप जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण एवं आमजन से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से रविवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुईमाड़ के ग्राउंड में रात्रि भुईमाड़ ग्राम में जनचौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा एवं धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान सांसद ग्रामीण क्षेत्र भुईमाड़ में ही रात्रि विश्राम किये। रात्रि लगभग 8 बजे प्रारंभ हुए इस जनसंवाद कार्यक्रम में क्षेत्रीय नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। खंड स्तरीय प्रशासनिक अमला भी मौके पर उपस्थित रहा, जिससे प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। ग्रामीणों द्वारा विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन एवं मौखिक समस्याएं प्रस्तुत की गई, जिनके निराकरण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी रूप से पहुंच रहा है या नहीं इसका प्रत्यक्ष मूल्यांकन करने हेतु जनप्रतिनिधि ग्राम स्तर पर संवाद स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्राप्त समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि जनचौपाल के माध्यम से आमजन की समस्याओं को निकटता से समझकर उनके समाधान हेतु ठोस पहल की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे शासन की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लें तथा सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस दौरान उन्होंने डॉ.भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर आयोजित ग्राम सभाओं में सहभागिता, बालिकाओं के एचपीवी टीकाकरण को प्रोत्साहित करने एवं नशामुक्ति अभियान में सहयोग करने का आह्वान किया। जनचौपाल के आयोजन से ग्रामीणों में सकारात्मक वातावरण का निर्माण हुआ है तथा शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास और अपेक्षा में वृद्धि हुई है। इस मौके पर जनपद सदस्य सावित्री देवी पनिका, सरपंच भुईमाड़ लल्ली देवी सिंह, एसडीएम कुसमी शैलेश द्विवेदी, तहसीलदार नारायण सिंह, जनपद सीईओ ज्ञानेन्द्र मिश्रा, बीआरसीसी अंगिरा प्रसाद द्विवेदी, संकुल प्राचार्य सुजीत कुमार सिंह, अखंड प्रताप सिंह, सुरेन्द्र बैस, रमाशंकर जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



### सांसद, विधायक ने पुरईनडोल हाईस्कूल का किया निरीक्षण



भुईमाड़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुरईनडोल स्थित शासकीय हाईस्कूल में उस समय उत्साह और जागरूकता का माहौल देखने को मिला, जब सांसद डॉ.राजेश मिश्रा एवं धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक एवं भौतिक व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए प्राचार्य अजीत सिंह द्वारा किए गए नवाचारों की सराहना की। विशेष रूप से गांव में बिजली न होने के बावजूद सोलर पैनल के माध्यम से सभी कक्षों में पंखों की व्यवस्था किए जाने पर विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने विधायक निधि से उच्च गुणवत्ता वाले सोलर पैनल हेतु 5 लाख रुपये तथा अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं छत मरम्मत के लिए राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति की जानकारी ली तथा प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाई। मौके पर ही हैण्डपंप की पाइप भी बदलवाई गई।




# चिरैया कार्यक्रम एवं एचपीव्ही टीकाकरण प्रचार वाहनों को सांसद ने दिखाई हरी झंडी

नवभारत न्यूज

**सीधी 13 अप्रैल। किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर जिला प्रशासन द्वारा संचालित चिरैया कार्यक्रम तथा एचपीव्ही टीकाकरण अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आज जिला चिकित्सालय सीधी से दो सुसज्जित प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ.बबीता खरे, सिविल सर्जन डॉ.एस.बी.खरे, डिप्टी कलेक्टर प्रिया पाठक, डीएचओ-1 डॉ.सुनीता तिवारी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.नागेन्द्र बिहारी दुबे, एनएचएम के अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। अपील संदेशों, बैनर-पोस्टर तथा जिंगल ऑडियो से सुसज्जित ये वाहन जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में माइकिंग के माध्यम से प्रचार करेंगे। वाहनों द्वारा 14 से 15 वर्ष 3 माह तक की बालिकाओं हेतु नि:शुल्क एचपीव्ही टीकाकरण, चिरैया कार्यक्रम के तहत 14 से 19 वर्ष के किशोर-किशोरियों की स्वास्थ्य जांच, एनीमिया रोकथाम हेतु आयरन सप्लीमेंटेशन एवं पोषण परामर्श की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीव्ही टीका सुरक्षा कवच है। हर अभिभावक की जिम्मेदारी है कि समय रहते बेटियों का टीकाकरण कराएं।

डॉ.बबीता खरे ने बताया कि टीकाकरण पूर्णत: सुरक्षित है और 31 मई 2026 अंतिम तिथि है। डिप्टी कलेक्टर प्रिया पाठक ने चिरैया को किशोरों के सशक्त भविष्य की नींव बताया और सभी विभागों से सहयोग की अपील की। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.नागेन्द्र बिहारी दुबे ने स्पष्ट किया कि यह टीका 150 से अधिक देशों में उपयोग में है, अफवाहों पर ध्यान न दें। डॉ.सुनीता तिवारी ने यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण कर टीका लगवाने का आग्रह किया। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि प्रचार वाहन पहुंचने पर दी जा रही जानकारी को गंभीरता से लें और निर्धारित आयु वर्ग के बच्चों का टीकाकरण व स्वास्थ्य जांच अवश्य कराएं।

## प्लेसमेंट ड्राइव कल

**सीधी 13 अप्रैल।** जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय सीधी में 15 अप्रैल को एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन फ्रीडम इम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी एनजीओ सीधी के सहयोग से किया जा रहा है। इसमें इच्छुक आवेदक एवं आवेदिकाएं शामिल होकर अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# डॉ .भीमराव अम्बेडकर जयंती के पूर्व भाजपाइयो ने की प्रतिमा की साफ-सफाई

नवभारत न्यूज

**सीधी 13 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती के पूर्व स्थानीय कलेक्ट्रेट चौक में स्थित बाबा साहब की प्रतिमा की साफ-सफाई कर भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अगवाई में उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।**



इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य इंद्रशरण सिंह चौहान, संभागीय प्रशिक्षण सह प्रभारी के.के.तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष लालचंद गुप्ता, डॉ.देवेन्द्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष विश्वबंधु धर द्विवेदी, शिवदान साकेत, जिला महामंत्री अनिल पाण्डेय, जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्रमणि दुबे, राकेश मौर्य, प्रदीप शुक्ला, पूनम सोनी, जितेन्द्र तिवारी, अमित प्रधान, आनंद परियानी, बाबूलाल कुशवाहा, हीरालाल कोरी, श्याम सुन्दर दास, पुष्पराज सिंह, विमल सिंह, दिनेश गुप्ता, धर्मेन्द्र सोनी, विक्रमादित्य मिश्र, अजय गुप्ता, मुनिराज विश्वकर्मा, डॉ.मनोज सिंह, संगीता सिंह, निशा सिंह, भोला साकेत, गुरु प्रसाद मौर्य, मुन्ना साकेत, छोटेलाल कोरी, राजेन्द्र प्रजापति, शंकर साकेत, मंगलधर साकेत, बंशपति सिंह सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गणेश स्कूल में कक्षा-5वीं का शानदार ग्रेजुएशन समारोह, मेधावी छात्र हुए सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सीधी 13 अप्रैल। स्थानीय एसजीएसएस रेजिडेंशियल स्कूल पड़रा में कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों के लिए भव्य एवं गरिमामय ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ, जिसने विद्यार्थियों के लिए उनके शैक्षणिक जीवन के इस महत्वपूर्ण पड़ाव को यादगार बना दिया।**



कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण के साथ हुई, जिसके पश्चात विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नाटक मंचन एवं प्रेरणादायक वक्तव्यों के माध्यम से छात्रों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और उपस्थित शिक्षकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर कक्षा पांचवीं के सभी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। साथ ही शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्हें पुरस्कार एवं प्रशंसा-पत्र देकर उनके प्रयासों की सराहना की गई, जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिली। समारोह के दौरान विशेष आकर्षण के रूप में केक कटिंग का आयोजन भी किया गया। सभी छात्रों ने एक श्रृंखला क्रम के रूप में पहले प्राचार्य, उसके बाद शिक्षकों तत्पश्चात सभी विद्यार्थियों द्वारा कैंडल जलाकर इस पल को और भी खास बना दिया। इस सामूहिक गतिविधि ने पूरे वातावरण को भावुक और उल्लासपूर्ण बना दिया।

इसके साथ ही विद्यार्थियों को इस यादगार अवसर की स्मृति स्वरूप ग्रुप फोटो भी प्रदान की गई, ताकि वे इस विशेष दिन की यादों को सहेज सकें। इस कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य डॉ.महेन्द्र कुमार तिवारी एवं प्रधानाध्यापिका माएमा सिमन्स की विशेष उपस्थिति रही। दोनों ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण के महत्व को समझाया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ.महेन्द्र कुमार तिवारी ने अपने संदेश में कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह के अंत में विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया और इस विशेष दिन को अपने जीवन की एक अमूल्य स्मृति के रूप में संजोया। इस अवसर पर प्राइमरी कॉर्डिनेटर रेखा शर्मा, डीके खरे, उमा पाण्डेय, अरुण मिश्र, विदित पाण्डेय, अवतार कृष्ण, भारती सिंह परिहार, रोहित पाण्डेय, सृष्टि पाण्डेय एवं माखनलाल मिश्र सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# अवैध मदिरा के खिलाफ अभियान तेज, 31 प्रकरण दर्ज

नवभारत न्यूज

**सीधी 13 अप्रैल। कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा विनिर्माण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी संतोष सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है।**



1 से 12 अप्रैल 2026 के बीच अवैध मदिरा विक्रय केन्द्रों एवं ढाबों पर कार्रवाई करते हुए कुल 31 प्रकरण दर्ज किए गए तथा 108 लीटर अवैध मदिरा जब्त की गई। सभी प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(ए) एवं (एफ) के तहत पंजीबद्ध किए गए हैं। अभियान के दौरान यह भी पाया गया कि मदिरा दुकानों के आसपास नमकीन, चना एवं अंडे के ठेलों पर लोगों का जमावड़ा रहता है।

इस पर कार्रवाई करते हुए 12 अप्रैल को शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक विशेष अभियान चलाकर ऐसे ठेले हटवाए गए। साथ ही अनुज्ञप्तिधारियों को निर्देशित किया गया कि मदिरा दुकानों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के लिए ठेले लगाने पर प्रतिबंध रहेगा। विभाग द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रखने की बात कही गई है।




# छात्राओं ने रचनात्मकता और उत्साह से दिया नारी सशक्तिकरण का संदेश

नवभारत न्यूज

**चुरहट 13 अप्रैल। मध्य प्रदेश के सीधी जिला अंतर्गत चुरहट नगर में आज 13 अप्रैल को शासकीय महाविद्यालय चुरहट में नारीशक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत एक प्रेरणादायक एवं रचनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिले की प्रसिद्ध ब्यूटीशियन शिवानी नामदेव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद चुरहट की पार्षद प्रियंका पटेल उपस्थित रहीं।**

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। बच्चियों द्वारा सुंदर गुलदस्ते तैयार किए गए तथा मिट्टी से आकर्षक मूर्तियां बनाकर अपनी कला और सृजनशीलता का परिचय दिया गया। छात्राओं की सक्रिय भागीदारी और उत्साह ने पूरे कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्यों के माध्यम से छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने कौशल को पहचानने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ.मनोज तिवारी द्वारा की गई।

उन्होंने अपने उद्बोधन में देश के निर्माण एवं विकास में महिलाओं के विशेष योगदान पर प्रकाश डाला तथा छात्राओं को शिक्षा और आत्मविश्वास के माध्यम से सशक्त बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम की संयोजक डॉण् विभा सिंह ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत करते हुए स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। वहीं कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ.समीक्षा द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष वक्ता के रूप में डॉ.राजेश त्रिपाठी, डॉ.मनीष पाण्डेय, डॉ.स्मृति शुक्ला एवं डॉ.अपर्णा द्विवेदी की गरिमामयी उपस्थिति रही। समग्र रूप से यह आयोजन छात्राओं के लिए प्रेरणादायक एवं सशक्तिकरण का संदेश देने वाला सिद्ध हुआ।

# इन्क्यूबेशन सेंटर में नवाचारों के व्यवसायीकरण पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 13 अप्रैल। उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश के कैलेण्डर अनुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी के इन्क्यूबेशन सेंटर में नवाचारों को व्यावसायिक उत्पादों में परिवर्तित करने तथा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की प्रक्रिया पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।**




कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं युवा शोधकर्ताओं को नवाचारों के व्यावसायीकरण और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना रहा। मुख्य वक्ता के रूप में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मऊगंज के सहायक प्राध्यापक डॉ.अनवर खान उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में डॉ. खान ने नवाचार के आइडिया से लेकर उसे व्यावसायिक उत्पाद में बदलने की प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से समझाया। उन्होंने बौद्धिक संपदा अधिकार, पेटेंट, लाइसेंसिंग, स्टार्टअप निर्माण तथा उद्योग-अकादमिक सहयोग पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने नवाचार, स्टार्टअप एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका विस्तारपूर्वक समाधान किया गया। इस अवसर पर इन्क्यूबेशन सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ.राकेश कुमार प्रजापति, सहायक नोडल अधिकारी डॉ.गुलाम मोइनुद्दीन, सदस्य डॉ.मुकेश यादव, डॉ.वरुण कुमार सिंह, डॉ.प्रमोद कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र डॉ.मुकेश कुमार यादव द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 45 हजार रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

नवभारत न्यूज

**सीधी 13 अप्रैल। अपर कलेक्टर बी.पी.पाण्डेय ने सड़क दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों के परिजनों को कुल 45 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम टकटइया, तहसील चुरहट निवासी पद्माकर प्रसाद अग्निहोत्री की 1 अप्रैल 2025 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी गायत्री देवी को 15 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम रामपुर नैकिन, तहसील रामपुर नैकिन निवासी प्रभाकर साकेत की 9 सितम्बर 2025 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनकी माता आरती साकेत को 15 हजार रुपये तथा ग्राम तिलवारी, तहसील मझौली निवासी रामचरण सिंह की 4 नवम्बर 2025 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनकी पत्नी सोनावती को 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रशासन द्वारा यह सहायता राशि मृतकों के परिजनों को आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदान की गई है।

# नारी शक्ति बंधन अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण में होगा क्रांतिकारी कदम : डॉ .मिश्रा

## भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्थानीय साई गार्डन में आयोजित हुआ नारी शक्ति वंदन अधिनियम कार्यक्रम, प्रधानमंत्री लाइव प्रसारण देखा व सुना गया

नवभारत न्यूज

**सीधी 13 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्थानीय साई गार्डन में आयोजित नारी शक्ति वंदन अधिनियम कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाइव प्रसारण भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ.राजेश मिश्रा की विशिष्ट उपस्थिति में सैकड़ो बहनों के साथ देखा और सुना गया।**

वर्चुअल रूप से नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विषय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन के पश्चात मीडिया से रूबरू होते हुए लोकसभा सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में लाया गया नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश में महिलाओं के नेतृत्व विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम है। यह कानून महिलाओं को नीति निर्माण एवं नेतृत्व में अधिक भागीदारी सुनिश्चित कर उस 50 प्रतिशत आबादी को सशक्त आवाज देता है जिसे लंबे समय से अपेक्षित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया था। यह केवल एक विधायी सुधार नहीं बल्कि सामाजिक परिवर्तन का मजबूत आधार है। सशक्त महिलाएं ही मजबूत संस्थानों, समावेशी शासन और एक प्रगतिशील भारत के निर्माण की धुरी बनेंगी।

### नारी सृष्टि का आधार है : इन्द्रशरण

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य पूर्व जिला अध्यक्ष इंद्र शरण सिंह चौहान ने वर्चुअल उद्बोधन के पश्चात कहा की नारी है तो सृष्टि है और सृष्टि का आधार ही नारी है। महिलाओं के सर्वांगीण विकास और उनके प्रतिनिधित्व के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महिलाओं के प्रति उनके सम्मान को दर्शाता है।



भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने वर्चुअल उद्बोधन के पश्चात कहा कि आने वाला नारी शक्ति अधिनियम महिलाओं को राज्यसभा एवं लोकसभा में स्थाई प्रतिनिधित्व प्रदान करेगा, जिससे देश की आधी आबादी के सर्वांगीण विकास का रास्ता प्रशस्त होगा। भारतीय जनता पार्टी नारी शक्ति बंधन अधिनियम का स्वागत करती है। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं पार्षद पूनम सोनी ने सामग्र महिलाओं की ओर से नारी शक्ति बंधन अधिनियम लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी सहित सभी सांसद एवं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार ज्ञापित किया। वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ.मनीला सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लाए जा रहे नारी शक्ति बंधन अधिनियम की सराहना करते हुए कृतज्ञता व्यक्त की।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर जिला महामंत्री अनिल पाण्डेय, डॉ .देवेन्द्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष शिवदान साकेत, नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष अंजू केसरी, सरस्वती बहेलिया, अनीता चौरसिया, रानी वर्मा, उषा गोपाल पटेल, भानु पाण्डेय, प्रदीप शुक्ला, नीलम पाण्डेय, जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्रमणि दुबे, मुनिराज विश्वकर्मा, जगदंबा सोनी, निशा सिंह चौहान, महिमा तिवारी, संगीता सिंह, सुभा देवी कोल, अनीता गुप्ता, अरुणा सिंह गहरवार, कंचन केशरी, मीना सिंह, पूजा तिवारी, ओमित सोनी, सुधा नामदेव, निर्मला नामदेव सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही।